प्रादेशिक समाचार बुलेटिन,
आकाशवाणी, लखनऊ।

प्रसारण तिथि : 19.10.2025 प्रसारण समय : 19:20 बजे

मुख्य समाचार :–

1. **अयोध्या के नौवें दीपोत्सव में आज बना 26 लाख 17 हजार 215 से अधिक दीपों को प्रज्ज्वलित करने का कीर्तिमान : सरयू तट पर 21 सौ 28 वेदाचार्यो और संतों ने भी एक साथ महाआरती कर बनाया रिकार्ड।**
2. **मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने दीपोत्सव कार्यक्रम को किया संबोधित : कहा– विरासत और विकास का अद्‌भुत संगम है दीपोत्सव।**
3. **प्रदेशभर में कल मनाया जायेगा रौशनी का पर्व दीपावली : सुरक्षा और यातायात को लेकर पुलिस और प्रशासन ने किये विशेष प्रबंध।** **और**
4. **रक्षामंत्री राजनाथ सिंह ने अपने संसदीय क्षेत्र लखनऊ में सामुदायिक विकास केन्द्र का किया उद्‌घाटन : कहा– लखनऊ के समग्र विकास के लिये सभी प्रयास जारी।**

———————

**श्रीराम नगरी अयोध्या में आज 9वां दीपोत्सव भव्यता और दिव्यता के साथ मनाया जा रहा है। दीपोत्सव में राम की पैड़ी समेत 56 घाटों पर 26 लाख 17 हजार 215 दीय रौशन कर नया कीर्तिमान बनाया गया है। गिनीज बुक ऑफ वर्ल्ड रिकार्ड ने इस नये कीर्तिमान की औपचारिक घोषणा करते हुए मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ को प्रमाण**

पत्र सौंप दिया है। इस भव्य आयोजन में मुख्यमंत्रो योगी आदित्यनाथ, पर्यटन मंत्री जयवीर सिंह, एमएसएमई मंत्री राकेश सचान और संजय निषाद सहित अनेक विशिष्टजन शामिल हुए। एक रिपोर्ट.....

*संपूर्ण विश्व के रामभक्तों के गर्व के प्रतीक भगवान राम लला के समक्ष मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के दीप प्रज्वलित करते ही राम की पैड़ी के 56 घाटों पर बिछाए गए 26 लाख से अधिक दीपों को भी प्रज्वलित कर दिया गया, इससे पहले 2100 पुरोहितों ने एक साथ सरयू आरती की और दीप प्रज्वलन के बाद 1100 ड्रोन ने रामायण आधारित प्रसंग सृजित कर त्रेता काल के स्मरण को जीवंत कर दिया। इस प्रकार दीपोत्सव के नवें संस्करण ने भी अपने पिछले रिकॉर्ड तोड़ते हुए तीन नए विश्व कीर्तमान पुनः स्थापित कर दिया, इससे पहले मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने वशिष्ठ की भूमिका निभाते हुए भगवान राम का राज्याभिषेक संपन्न किया। तन्मय सोनी आकाशवाणी समाचार अयोध्या।*

इससे पहले अयोध्या में भक्ति, संस्कृति और भव्यता का अनूठा संगम देखने को मिला, जब पर्यटन और संस्कृति मंत्री जयवीर सिंह ने साकेत महाविद्यालय परिसर में जय श्रीराम का ध्वज लहराते हुए रामायण पर आधारित भव्य शोभा यात्रा को रवाना किया। यह शोभा यात्रा त्रेतायुग की झलक प्रस्तुत करती हुई श्रद्धा और सांस्कृतिक उत्साह की अद्‌भुत मिसाल बनी। इस अवसर पर बड़ी संख्या में संतजन भी उपस्थित रहे। रामकथा पार्क में शोभा यात्रा समापन कार्यक्रम को संबोधित करते हुए मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि यह दीपोत्सव विरासत और विकास का जीवंत उदाहरण पेश कर रहा है। बाइट......

*विरासत और विकास का यह अद्भुत संगम आज अयोध्या में हम सबको इस रूप में देखने को मिल रहा है। 17 से 25 के बीच की इस यात्रा को मात्र 9 वर्षों में आपने देखा होगा 25–50 हजार द्वीप जिस अयोध्या में नहीं मिलते थे। इस बार 26 लाख से अधिक द्वीप तो केवल अयोध्या धाम में प्रज्वलित हो रहे हैं और अगर पूरे प्रदेश भर के अंदर मैं इसकी गणना करूं तो मैं कह सकता हूं कि कम से कम पूरे प्रदेश देश के अंदर ही 1 करोड़ 51 लाख द्वीप अकेले दीपोत्सव के दिन पर जल रहे हैं।*

आज के भव्य दीपोत्सव में अयाध्या के आकाश में रंग–बिरंगी रोशनी युक्त 11 सौ ड्रोन की मदद से लेजर शो और 21 सौ 28 वेदाचार्यो द्वारा सरयू की महाआरती आकर्षण का केन्द्र बनी। दीपोत्सव में सुरक्षा की दृष्टि से बड़ी संख्या में पुलिस और सुरक्षाबल तैनात किये गये हैं।

———————————

प्रदेश भर में दीपावली का पर्व कल धूमधाम से मनाया जायेगा। शहरी और ग्रामीण इलाकों में दीवाली मनाने के प्रति लोगों में जबरदस्त उत्साह हैं। घरों को अलग–अलग तरीके से सजाया जा रहा है और बाजारों में खासी रौनक है। लोग दीये और पूजा सामग्री खरीदने के लिये स्थानीय बाजारों में उमड़ पड़े हैं। दीवाली के मद्देनजर सुरक्षा व्यवस्था को लेकर पुलिस और प्रशासन सजग है। यातायात व्यवस्था को सुचारू और सुगम बनाये रखने के लिये जगह–जगह ट्रैफिक पुलिस के साथ स्थानीय पुलिस तैनात है।

दीपावली पर्व को देखते हुए राजधानी लखनऊ समेत सभी जिलों के सरकारी अस्पतालों में अलर्ट जारी किया गया है। इस दौरान 108 और 102 एंबुलेंस सेवा उपलब्ध रहेगी और आवश्यकतानुसार विशेषज्ञ चिकित्सक भी ऑनलाइन उपलब्ध रहेंगे।

———————

पिछले 8 साल से हर वर्ष आयोजित हो रहे दीपोत्सव ने देश विदेश में अयोध्या नगरी का आकर्षण और बढ़ा दिया है। यही वजह है कि यहां पर्यटकों की संख्या में लगातार इजाफा हो रहा है। 2017 में दीपोत्सव शुरू हुआ था। पिछले 8 साल के दौरान यहां 16 करोड़ 43 लाख 93 हजार 474 भारतीय और 26 हजार 48 विदेशी श्रद्धालु आये। इस तरह कुल 16 करोड़ 44 लाख, 19 हजार 522 लोगों ने अयोध्या नगरी के दर्शन किये। वहीं इस साल जनवरी से जून तक 23 करोड़ 81 लाख 64 हजार 744 भारतीय और 49 हजार 993 विदेशी समेत कुल 23 करोड़ 82 लाख 14 हजार 737 श्रद्धालु अयोध्या दर्शन के लिये पहुंचे।

———————

वाराणसी में आज स्वर्णमयी मां अन्नपूर्णा मंदिर में आज दूसरे दिन दर्शन पूजन के लिये श्रद्धालुओं का तांता लगा हुआ है और प्रसाद के रूप में खजाना वितरण जारी है। मान्यता है कि काशीपुराधिपति महादेव ने भी माता अन्नपूर्णा

से अपने भक्तों के भरण पोषण के लिये भिक्षा मांगी थी। लोगों में विश्वास है कि अन्नपूर्णा के स्वर्णमयी प्रतिमा के दर्शन के बाद इस खजाना रूपी प्रसाद को तिजोरी या अन्न भंडार में रखने से साल भर मां अन्नपूर्णा की कृपा होती है। धनतेरस पर्व से शुरू दर्शन पूजन का यह क्रम अन्नकूट महोत्सव तक चलता है।

——————

ब्रेक

यह समाचार आप आकाशवाणी लखनऊ से सुन रहे हैं।

ताज़ा समाचार जानने के लिये आप हमारी वेबसाइट न्यूज़ ऑन ए0आई0आर0 डॉट जी0ओ0वी0 डॉट आई0एन0 पर लॉगिन कर सकते हैं। इसके साथ ही आप प्रादेशिक समाचारों का यह बुलेटिन हमारे यूट्यूब चैनल न्यूज ऑन एआईआर लखनऊ पर भी सुन सकते हैं।

——————

रक्षामंत्री राजनाथ सिंह ने आज अपने संसदीय क्षेत्र लखनऊ में हिन्दुस्तान एयरोनाटिक्स लिमिटेड और लखनऊ विकास प्राधिकरण द्वारा बनाये गय सामुदायिक विकास केन्द्र का जानकीपुरम में उद्घाटन किया। साथ ही श्री सिंह ने एक पुस्तकालय का शुभारम्भ और पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी व पूर्व राष्ट्रपति एपीजे अब्दुल कलाम की प्रतिमाओं का अनावरण भी किया। इस दौरान उन्होंने लखनऊ

वासियों को 250 ओपन जिम की सौगात दी और 26 लोगों को प्रधानमंत्री आवास की चाबी सौंपी। इस अवसर पर श्री सिंह ने कहा कि वह लखनऊ के सम्रग विकास और इसे विश्वस्तरीय शहर बनाने के लिये प्रतिबद्ध हैं। बाइट....

*बहुत सारे काम हो चुके हैं। 14 फ्लाई ओवर लखनऊ में और 11 फ्लाईओवर और स्वीकृत हैं। यदि ट्रेन में बैठकर लोग जाना चाहें कहीं पर भी हमारे लखनऊ के लोग तो सर्कुलर ट्रेन पूरे लखनऊ के चारों उसके सर्वे के लिए भी पैसा स्वीकृत हो चुका है और हमारा लखनऊ विकास के पथ पर तेजी से आगे बढ़ चला है। लेकिन, इससे इतने से ही मैं संतुष्ट नहीं हूं। चाहता हूं कि यह लखनऊ हमारा नंबर वन पर आ जाए।*

रक्षामंत्री ने कहा कि दुनिया के अधिकांश देश एयर कनेक्टिविटी के जरिये जल्द ही लखनऊ से जुड़ जायेंगे।

रक्षा मंत्री ने बताया कि रक्षा क्षेत्र में अनुसंधान और नवाचार को बढ़ाने के लिये डीआरडीओ लैब लखनऊ लाई गई हैं। इस लैब में युवा अनुसंधान करेंगे और भारत को रक्षा क्षेत्र में अग्रणी बनायेंगे। श्री सिंह ने कहा कि लखनऊ संसदीय क्षेत्र के प्रत्येक विधानसभा क्षेत्र में एक बड़ा सामुदायिक केन्द्र भी स्थापित किया जायेगा।

———————

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी द्वारा घोषित और पिछले 22 सितम्बर से लागू जीएसटी बचत उत्सव से समाज के सभी वर्गो को फायदा मिल रहा है। जीएसटी दर में कमी किये जाने से इंश्योरेंस सेक्टर में अब लोगों को कम प्रीमियम अदा करना पड़ रहा है। वाराणसी के रहने वाले अजय सिंह

ने बताया कि सरकार की यह पहल से लागों के लिये वरदान साबित हो रही है। बाइट......

*केंद्र सरकार के द्वारा जो जीएसटी की दरें घटाई गई है, इससे हम लोगों की जो एलआईसी की प्रीमियम में कमी आई है और जिससे कि हम लोगों को काफी राहत महसूस हो रहा है और इसके लिए हम माननीय प्रधानमंत्री महोदय को बहुत–बहुत धन्यवाद देना चाहते हैं, जिससे कि काफी लोगों को जो भी एलआईसी किराया होगा, उसको जो है बड़ी राहत महसूस हुई है।*

———————————

बहुजन समाज पार्टी की राष्ट्रोय अध्यक्ष मायावती ने कहा है कि सत्ता की चाबी हासिल करने पर भी दलितों को सामाजिक, राजनीतिक और आर्थिक शोषण से मुक्ति मिल सकती है। सुश्री मायावती आज लखनऊ में पार्टी के वरिष्ठ पदाधिकारियों के साथ बैठक में उन्होंने कहा कि राज्य में चार बार सरकार बनाकर बहुजन समाज पार्टी ने यह बात साबित की है। उन्होंने कहा कि बहुजन समाज पार्टी संविधान के मानवतावादी और जन कल्याणकारी सोच की अम्बेडकरवादी दल है। बसपा प्रमुख ने देश में बेरोजगारी और महिला सुरक्षा को लेकर सत्तारूढ़ दल की आलोचना भी की।

———————————

ऑल इंडिया शिया पर्सनल लॉ बोर्ड के वर्तमान अध्यक्ष सैय्यद सायम मेहदी नकवी को अगले कार्यकाल के लिये बोर्ड के अध्यक्ष के रूप में फिर से चुन लिया गया है। बोर्ड

के महासचिव यासूब अब्बास ने लखनऊ में यह जानकारी देते हुए बताया कि इसकी आधिकारिक घोषणा दिसम्बर में बोर्ड की होने वाली आम बैठक में की जायेगी।

——————————

उत्तर प्रदेश लोक सेवा आयोग ने पीसीएस प्रारम्भिक परीक्षा दो हजार पचीस की उत्तर कुंजी वेबसाइट पर जारी कर दी है। यह परीक्षा 12 अक्टूबर को आयोजित की गयी थी। परीक्षा की उत्तर कुंजी आयोग की वेबसाइट पर चौबीस अक्टूबर तक उपलब्ध रहेगी।

——————————